प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
**Department of Communication**, Central Office, S.B.S.Marg, Fort, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

08 दिसंबर 2021

**वर्ष 2021-22 की दूसरी तिमाही के दौरान निजी कॉर्पोरेट कारोबार क्षेत्र का कार्यनिष्पादन**

आज रिज़र्व बैंक ने वर्ष 2021-22 की दूसरी तिमाही के दौरान निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र के कार्यनिष्पादन से संबंधित आंकड़े जारी किए जो 2,716 सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों (एनजीएनएफ) के संक्षिप्त तिमाही वित्तीय परिणामों से लिए गए हैं। वर्ष 2020-21 की दूसरी तिमाही और 2021-22 की पहली तिमाही के आंकड़े भी तुलना करने के लिए सारणियों में प्रस्तुत किए गए हैं। इन आंकड़ों को https://dbie.rbi.org.in/DBIE/dbie.rbi?site=statistics#!2_42 पर प्राप्त किया जा सकता है।

***विशेष***

***बिक्री***

- अर्थव्यवस्था बहाली के पथ पर आ जाने से कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर से संबंधित प्रतिबंधों में ढील दिए जाने के बाद, विनिर्माण क्षेत्र में मांग की स्थिति में क्यू2: 2021-22 में सुधार हुआ; 1,687 सूचीबद्ध विनिर्माण कंपनियों की बिक्री में वार्षिक (वर्ष-दर-वर्ष) आधार पर 34.0 प्रतिशत की दृढ़ और चौतरफा वृद्धि दर्ज की गई (सारणी 2ए और सारणी 5ए)।
- सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की कंपनियों की बिक्री वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष), जो महामारी के दौरान सकारात्मक स्थिति में रही, 2021-22 की दूसरी तिमाही में 19.5 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो पिछली तिमाही में 17.5 प्रतिशत थी (सारणी 2ए)।
- 2021-22 की दूसरी तिमाही में गैर-आईटी सेवा कंपनियों की बिक्री में 27.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई, तथापि यह वृद्धि अनुकूल आधार प्रभावों के कारण थी (सारणी 2ए।

***व्यय***

- 2021-22 की दूसरी तिमाही के दौरान विनिर्माण कंपनियों ने अपनी बिक्री में वृद्धि के अनुपात में कच्चे माल पर भी अपने व्ययों में वृद्धि की (सारणी 2ए और सारणी 5ए)।
- 2021-22 की दूसरी तिमाही के दौरान सभी क्षेत्रों में स्टाफ लागत वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) में भी वृद्धि हुई (सारणी 2ए)।

***परिचालनगत लाभ***

- 2021-22 की दूसरी तिमाही में विनिर्माण कंपनियों के उच्च परिचालन लाभ में बढ़ते टर्नओवर का योगदान रहा (सारणी 2ए)।
- सेवा क्षेत्र की कंपनियों (आईटी और गैर-आईटी दोनों) के परिचालन लाभ में भी विस्तार हुआ (सारणी 2ए)।

**ब्याज**

- ब्याज व्यय में कमी और लाभ में वृद्धि के कारण विनिर्माण कंपनियों का ब्याज कवरेज अनुपात (आईसीआर)[1] 2021-22 की दूसरी तिमाही में बढ़कर 8.7 हो गया (पिछली तिमाही में 7.5); गैर-आईटी सेवा कंपनियों का आईसीआर यूनिटी से नीचे रहा (सारणी 2बी)।

***मूल्यनिर्धारण शक्ति***

- विनिर्माण और आईटी कंपनियों के लिए परिचालन लाभ और शुद्ध लाभ मार्जिन के संदर्भ में मूल्यनिर्धारण शक्ति स्थिर रही (सारणी 2बी)।

**सारणियों की सूची**

| **सारणी संख्या.** | | **शीर्षक** | |
|---|---|---|---|
| 1 | A | सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का निष्पादन | वृद्धि दरें |
| | B | | चयन अनुपात |
| 2 | A | सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का निष्पादन - क्षेत्रवार | वृद्धि दरें |
| | B | | चयन अनुपात |
| 3 | A | चुकता पूंजी के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का निष्पादन | वृद्धि दरें |
| | B | | चयन अनुपात |
| 4 | A | बिक्री के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का निष्पादन | वृद्धि दरें |
| | B | | चयन अनुपात |
| 5 | A | उद्योग के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का निष्पादन | वृद्धि दरें |
| | B | | चयन अनुपात |
| व्याख्यात्मक टिप्पणी | | | |
| शब्दावली | | | |

टिप्पणियां:

- विभिन्न तिमाहियों में कंपनियों का कवरेज परिणामों की घोषणा की तारीख के आधार पर भिन्न होता है; परंतु, इससे समग्र स्थिति में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है।
- संकलन पद्धति, और शब्दावली (संशोधित परिभाषाओं और गणनाओं सहित जो पिछली प्रकाशनी से भिन्न है) का विवरण देने वाले व्याख्यात्मक नोट संलग्न हैं।

**अजीत प्रसाद**
निदेशक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/1329**

[1] आईसीआर (अर्जन अनुपात जो ब्याज व्ययों के लिए ब्याज और कर से पूर्व है) किसी कंपनी की ऋण चुकाने की क्षमता के रूप में एक उपाय है। अर्थक्षम आईसीआर के लिए न्यूनतम मूल्य 1 है।